हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 5 मार्च 2024

11 महिलाएं बेटा-बेटी को समान शिक्षा और संस्कार ...



12 सफाईकर्मियों-चौकीदारों ने शहर में किया प्रदर्शन...



## खबर संक्षेप

### श्रीसंकट मोचन बालाजी धाम में भंडारा आज

भिवानी। आदर्श गांव सुई स्थित श्रीबालाजी संकट मोचन धाम में पांच मार्च को पांचवें विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। धाम के अध्यक्ष डॉ. उमेद शर्मा, उपाध्यक्ष संदीप जांगड़ा, सचिव रमन शर्मा, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार व मंदिर के पुजारी महंत रामपाल ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रातः 7:15 से 9:15 बजे तक हवनका आयोजन किया जाएगा।

### जनता कॉलेज में आज होगा कार्यक्रम

चरखी दादरी। आज मंगलवार को सुबह 10 बजे से जनता कॉलेज के सभागर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें दर्शक हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की धुनों का आनंद उठा सकते हैं। सरकार के दिशा निर्देशों पर सूचना, जन संपर्क एवं भाषा विभाग की ओर से इस कार्यक्रम का आयोजन करवा जा रहा है। कार्यक्रम में प्रवेश बिल्कुल निऱ्शुल्क है।

### जिले में नौ को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

चरखी दादरी। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से शनिवार 9 मार्च को जिला न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिवादी राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह अपने अधिवक्ता के माध्यम से केस का निपटारा करा सकते हैं।

### सांसद विकास कार्यों का करेंगे लोकार्पण करेंगे

भिवानी। हिसार लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजेंद्र सिंह पांच मार्च को सुबह 11 बजे स्थानीय पंचायत भवन में एक करोड़ रुपए से अधिक की विभिन्न विकास कायोंर् का लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। सांसद सात गांवों के पानी के टैंकर भी भेंट साफ करवाएंगे। सांसद बृजेंद्र सिंह कालूवास, धनाना, सिपर, रतेरा,मिलकपुर, बडेसरा और बलियाली को पानी के टैंकर भेंट करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सांसद परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

# खेतों में निरीक्षण करने के लिए पहुंचे एसडीएम, पटवारियों को दिए निर्देश

## एसडीएम ने सजरा से फसलों का मिलान किया तथा अपलोड विवरण को जांचा

■ किसी भी किसान की गिरदावरी गलत न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तोशाम

एसडीएम हरबीर सिंह ने सोमवार को गांव बजीणा, ढाणीमाहू, निगाना, धारवानवास, कैरू, छपार जोगियान, दरियापुर के खेतों में जाकर गिरदावरी का औचक निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने कानूनगो, पटवारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम ने पटवारियों को निर्देश दिए कि ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों में हुए नुकसान का सही आंकलन कर रिपोर्ट दें। पटवारी द्वारा रिकार्ड में दर्ज फसल के आंकड़ों की जांच करने खेतों में पहुंचे एसडीएम हरबीर सिंह ने सजरा से फसलों का मिलान किया तथा अपलोड किए गए विवरण की जांच की।

इस मौके पर उन्होंने जगह. जगह संबंधित गांव के पटवारी के सजरे से नायब तहसीलदार के साथ खेतों में खड़ी फसल का मिलान किया। उन्होंने कहा कि सरकार गिरदावरी के माध्यम से एकत्रित आंकड़ों को आधार बनाकर ही किसानों के हित में नई-नई नीतियां बनाती हैं। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि फसलों की गिरदावरी करते समय ध्यान पूर्वक फसलों का ब्योरा दर्ज करना सुनिश्चित करें। उन्होंने पटवारियों द्वारा मैनुअल तरीके से की गई गिरदावरी तथा ई.गिरदावरी का मिलान किया। एसडीएम ने पटवारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान की गिरदावरी गलत न हो। एसडीएम ने कहा कि मेरी फसल मेरा ब्योरा के माध्यम से किसानों द्वारा अपनी फसल के बारे में जो ब्योरा दिया जा रहा है उसका भी इसके साथ मिलान होगा ताकि फसल की बिक्री के दौरान किसानों को कोई परेशानी न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस दौरान की गई लापरवाही के कारण बाद में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। एसडीएम ने इस दौरान किसानों से भी मुलाकात कर समस्या जानी। उन्होंने विभिन्न गांवों में हुई ओलावृष्टि का भी मुआयना किया। उन्होंने किसानों से फसल खराब होने पर पर ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर रिपोर्ट दर्ज करने की अपील की। इस दौरान नायब तहसीलदार सहित सबंधित गांवों के कानूनगो व पटवारी उपस्थित रहे।





तोशाम। ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों को देखते एसडीएम और ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों को अधिकारी को दिखाते किसान। फोटो : हरिभूमि



भिवानी। फसलों की बर्बादी के बारे में सीटीएम के समक्ष बात रखते किसान।

## गिरदावरी की रिपोर्ट पहुंचते ही जारी होगा मुआवजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दो मार्च को जिले के आधा दर्जन गांवों में हुई ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजें की मांग को लेकर विधायक घनश्यास सर्राफ ने सीएम मनोहर लाल से बातचीत की। उनसे बातचीत के बाद विधायक सर्राफ ने बताया कि जल्द ही प्रभावित गांवों की विशेष गिरदावरी होगी। गिरदावरी की रिपोर्ट सरकार तक पहुंचते ही उनको तत्काल बर्बाद फसलों का मुआवजा जारी कर दिया जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि यह मुआवजा उन सभी किसानों को जारी होगा, जिसकी फसल ओलावृष्टि से प्रभावित हुई है। चाहे उस किसान ने अपनी फसलों का बीमा करवाया हो या न करवाया हो। सभी को इसका फायदा दिलाया जाएगा। सीएम मनोहर लाल पहले ही किसानों के हितैषी है और उन्होंने प्रकृति आपदा ओलावृष्टि की सूचना मिलते ही गिरदावरी के आदेश जारी कर दिए। इस दौरान मुआवजें के लिए पहुंचे किसानों को विधायक सर्राफ ने सीटीएम से मिलवाया और उनकी मांगों को उनके माध्यम से सरकार तक भिजवाने की कही। साथ ही विधायक ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर सीएम मनोहर लाल तक उनकी इस मांग को भिजवा दिया है।

### पंजीकरण की बाध्यता न हो

किसानों ने विधायक से क्षतिपूर्ति पोर्टल पर पंजीकरण करवाने की बाध्यता को खत्म करने की मांग की। किसानों ने बताया कि इस झंझट में उलझने के बाद किसानों को मुआवजा नहीं मिल पाएगा। क्षतिपूर्ति पोर्टल में ही उलझ कर रह जाएगा। जिस पर विधायक सर्राफ ने बताया कि अब उनको इस झंझट में पड़ने की जररूत नहीं होगी। सीधी विशेष गिरदावरी होगी और सीधे ही किसानों को मुआवजा की राशि जारी होगी।

### 50 हजार रुपये प्रति एकड़ देने की मांग

गांव मधमाधवी के सरपंच सतीश कुमार ने बताया कि उनके गांव मधमाधवी के अलावा मानहेरू, हलका, गौरीपुर, धाराड़ू, गौरीपुर आदि गांवों में जबरदस्त ओलावृष्टि हुई। जिसकी वजह से उनके खेतों में सरसों की फसल शतप्रतिशत तबाह हो गई। अब उनके खेतों की विशेष गिरदावरी करवाकर अति शीघ्र मुआवजा दिलाया जाए। ताकि उनको आर्थिक रूप से सहारा मिल सके। किसान रामकिशन ने बताया कि उनके इलाके में लाडू से बड़े ओले गिरे। जिससे फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई है।

उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से सरकार से बिना पोर्टल पर पंजीकृत किए ही गिरदावरी करवाने तथा उनको उचित मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। किसानों ने सरकार से मुआवजे के रूप में 50 हजार रुपये प्रति एकड़ देने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसान सचेत रहेंए प्रशासन व सरकार के लोग आश्वासन देने के बाद भी उन आश्वासनों को लागू नहीं करते और किसानों को पोर्टलों में उलझाकर उनकी वाजिब मांग लागू नहीं की जाती।

## ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों की विशेष गिरदावरी करवाने और मुआवजे की मांग को लेकर डीसी को ज्ञापन दिया

भिवानी। अखिल भारतीय किसान सभा जिला कमेटी के नेतृत्व में एक दर्जन गांव के किसानों ने जिला उपायुक्त कार्यालय भिवानी के सामने हाल ही में हुई ओलावृष्टि की विशेष गिरदावरी की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और भिवानी नागरिक उप मण्डल अधिकारी विशाल के माध्यम से मुख्यमन्त्री व जिला डीसी को ज्ञापन दिया। साथ में नगराधीश विपिन कुमार तथा भिवानी के विधायक घनश्याम सर्राफ भी शामिल थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान सभा के जिला प्रधान रामफल देशवाल ने की। किसानों को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिला उपप्रधान कामरेड ओम प्रकाश ने कहा कि शनिवार को हुई ओलावृष्टि से भिवानी जिले के कई गांव में ओलावृष्टि ने किसानों की सरसों, गेहूं व अन्य फसलों को बर्बाद कर दिया है, गांव मनहेरु, मधमाधवी, धारेड़ू, गोरीपुर, कितलाना, नांगल, उमरावत व आसपास के गांव की फसलें पूरी तरह से बर्बाद हो गई हैं, इन गांवों के किसान अपने बर्बाद पौधों को लेकर पहुंचे थे





**गिरदावरी का आश्वासन:** जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति में एसडीएम व नगराधीश ने किसानों की बात सुनी और किसानों को विशेष गिरदावरी करने का आश्वासन दिया। किसान नेताओं ने सरकार से मुआवजे के रूप में 50 हजार रुपये प्रति एकड़ देने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसान सचेत रहें, प्रशासन व सरकार के लोग आश्वासन देने के बाद भी उन आश्वासनों को लागू नहीं करते और किसानों को पोर्टलों में उलझाकर उनकी वाजिब मांग लागू नहीं की जाती। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष जनवरी 2023 में पाले, बेमौसमी बारिश व ओलों ने रबी फसल को बर्बाद कर दिया था, राजस्व विभाग ने भिवानी जिले का 300 करोड़ रुपये नुकसान दिखाया था, परन्तु सरकार ने केवल 11 करोड़ रूपये का भुगतान किया था, 2.89 करोड़ को गोलमोल कर दिया। आज के प्रदर्शन में एक दर्जन गांव के गणमान्य लोगों के साथ किसान नेता मास्टर शेरसिंह, युवा कल्याण संगठन के संरक्षक कमल सिंह प्रधान, नरेन्द्र धनाना, प्रताप सिंह सिंहमार, कृष्ण धनाना, महाबीर फोजी, बलजीत मोखरा, भगवान सिंह मनहेरू, रवि मानहेरू, मनोज मानहेरु, सुनिल, ओमप्रकाश मानहेरु, अमित नांगल आदि के सैकड़ों किसान शामिल थे।

## वाद-विवाद प्रतियोगिता में करुणा और काजल तथा समूह चर्चा में अमीषा प्रथम

भिवान। चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा कृषि में आनुवंशिक इंजीनियरिंग के लाभ संभावित पारिस्थितिक और जैव सुरक्षा जोखिमों से अधिक हैं/" विषय पर समूह चर्चा और वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की। जीवन विज्ञान के छात्रों के लिए कार्यक्रम का आयोजन डॉ. मोनिका जांगड़ा ने किया। नैंसी और पूजा ने कार्यक्रम का संचालन किया।प्राणीशास्त्र विभाग की समन्वयक डॉ. आशा पूनिया ने बताया कि थीसिस प्रतियोगिताओं के आयोजन का उद्देश्य छात्रों के ज्ञान को बढ़ाना और उन्हें अपने विचारों और राय को व्यक्त करते समय स्पष्ट होना सिखाना है। उन्होंने बताया कि कृषि में जेनेटिक इंजीनियरिंग के लाभ संभावित पारिस्थितिक और जैव सुरक्षा जोखिमों से कहीं अधिक हैं।उन्होंने विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास पर जोर दिया। वाद विवाद प्रतियोगिता में छात्रों के दृष्टिकोण का आदान-प्रदान किया गया, जिसमें गुण, दोषों को समान रूप से बताया गया। प्रतियोगिता के मूल्यांकनकर्ता जूलॉजी विभाग की समन्वयक डॉ. आशा पूनिया और सहायक प्रोफेसर डॉ. सीमा थी। प्रतियोगिता के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को जंतु विज्ञान विभाग की समन्वयक डॉ. आशा ने सम्मानित किया। वाद-विवाद प्रतियोगिता में करुणा और काजल तथा समूह चर्चा में अमीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

■ चौधरी बंसीलाल विवि में प्रतियोगिता का आयोजन



## नागरिक अस्पताल में महिला उत्पीड़न को लेकर पॉश एक्ट पर कार्यशाला का हुई

चरखी दादरी। महिलाओं के कल्याण व कार्यस्थल पर सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की ओर से नागरिक अस्पताल में कार्यशाला का आयोजन किया गया और महिलाओं को लैंगिक उत्पीड़न के खिलाफ कानूनी तौर पर जागरूक किया गया। रिसोर्स पर्सन एवं अधिवक्ता दिव्यता गोयल ने महिलाओं को एक्ट की बारिकियों से अवगत करवाया। प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम सौरभ कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यशाला में अधिवक्ता दिव्यता गोयल बताया कि पॉश एक्ट कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले लैंगिक उत्पीड़न को रोकने में अहम है। कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षित एवं स्वस्थ माहौल मिलना जरूरी है। इसके लिए कानूनी एवं सामाजिक पहलुओं पर विचार करें। उन्होंने महिला कर्मचारियों को खुद के संरक्षण के लिए न्यूनतम मानक स्थापित करने को कहा।

## मुआवजा सहित दूसरी मंगों को लेकर बाढ़ड़ा में सड़कों पर उतरे किसान



बाढ़ड। ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों का मुआवजा देने सहित दूसरी मांगों को लेकर भाकियू की अगुवाई में सोमवार को किसान सड़कों पर उतरे और बाढ़ड़ा में रोष प्रदर्शन किया। किसानों ने बाढ़ड़ा एसडीम सुरेश कुमार को ज्ञापन सौंपा व जल्द उनकी मांगें नहीं मानने पर बड़ा आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का मुआवजा देने, बिजली ट्रांसफार्मर पर लगाए शुल्क को हटाने आदि मांगों को लेकर बाढ़ड़ा क्षेत्र के किसान आज कस्बे के सर छोटूराम किसान भवन में एकत्रित हुए और किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर मंथन किया। उसके बाद उन्होंने भाकियू जिला प्रधान हरपाल भांडवा की अगुवाई किसान भवन से सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रोष प्रर्दर्शन शुरू किया और कस्बे के जुई रोड़,मुख्य क्त्रांतिकारी चौक आदि से प्रदर्शन करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम कार्यालय परिसर में बैठकर जमकर नारेबाजी कर रोष जताया।

## जिलेभर के मास्टर ट्रेनर को कार्यशाला में दिया पूरी मतदान प्रकिया का प्रशिक्षण

भिवानी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त नरेश नरवाल के मार्गदर्शन में स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में लोकसभा चुनाव.2024 की तैयारियों को लेकर विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनरों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 54.लोहारू 57.भिवानी 58.तोशाम और 59. बवानीखेड़ा.एससी विधानसभा क्षेत्रों के असेंबली लेवल मास्टर ट्रेनरों को मतदान प्रक्रिया शुरू होने से लेकर सभी प्रक्रियाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन कार्यालय से निर्वाचन कानूनगो रामफल ने कार्यशाला में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में एएलएमटी को मतदान प्रक्रिया के बारे में जरूरी जानकारी दी। उन्होंने चुनाव संबंधी विभिन्न जानकारियाँ देते हुए मॉक पोल, मतदान प्रक्रिया आरंभ करने, कंट्रोल यूनिट व वीवीपैट सील करने तथा मतदान प्रक्रिया बंद होने पर दस्तावेजों की पैकिंग सहित सभी विचारणीय पहलुओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर को लोकसभा चुनाव के लिए पोलिंग पार्टी व मतदान दिवस को लेकर व्यवस्था के संदर्भ में आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान चुनाव कार्य से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत जानकारी सभी प्रशिक्षणार्थियों को दी गयी। इस दौरान विभिन्न सवालों के के जवाब भी प्रशिक्षकों ने दिए।

■ लोकसभा चुनाव .2024 की तैयारियों को लेकर

## महिलाओं के यौन उत्पीड़न के खिलाफ आवाज उठाने के लिए किया प्रेरित

भिवानी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन तथा जिला एवं सत्र नयायाधीश दीपक अग्रवाल के निर्देशानुसार सीजेएम.कम.सचिव कपिल राठी की अध्यक्षता एवं मार्गदर्शन में यौन शोषण के विरुद्ध संघर्ष के विश्व दिवस के अवसर पर एडीआर सेंटर के सभागार में कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कपिल राठी ने बताया कि आज महिलाओं के संबंध में विश्वव्यापी समस्या पर महिलाओं को यौन शोषण के विरुद्ध आवाज उठाने के लिए प्रेरित करना है। इसलिए कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ होने वाले दुर्व्यवहार यौन शोषण, तस्करी व हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए महिला जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जा रहा है। यौन शोषण के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जहां कहीं कार्यस्थल पर 10 से अधिक लोग काम करते हैं, उन सरकारी विभागों में ये जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करवाये जा रहे हैं। जिसमें मुख्य रुप से उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक और सिविल सर्जन कार्यालय मुख्य रूप से अपने कार्यालय की महिला अधिकारी व कर्मचारियों के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन ;रोकथाम, निषेध और निवारण अधिनियम, 2013 द्वारा गठित कमेटी के अंतर्गत आयोजित होंगे।

■ यौन शोषण के खिलाफा किया जा रहा जागरूक

## अपनी गलती छिपाने के लिए केंद्र कर्मचारियों पर दर्ज की गई एफआईआर

# परीक्षा केंद्र कर्मचारियों पर केस को लेकर जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

हुडा पार्क में सोमवार को राजकीय अध्यापक संघ.70 हरियाणा की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान विनोद परमार व संचालन जिला महासचिव सज्जन सांगा ने किया।

बैठक के दौरान बीते दो मार्च को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौरंगावास राजपूताना चरखी.दादरी परीक्षा केंद्र पर प्रश्न पत्र लीक मामले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन के निर्देशों पर केंद्र अधीक्षक, उप.केन्द्र अधीक्षक, ऑब्जर्वर व पर्यवेक्षक पर दर्ज किए गए मामले पर कड़ा ऐतराज जताया तथा इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाने के बाद ही आगामी फैसला लेने की मांग की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान विनोद परमार व संचालन जिला महासचिव सज्जन सांगा ने आरोप लगाया कि इस मामले में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन ने अपनी गलती छिपाने के लिए आनन.फानन में फैसला लेते हुए परीक्षा केंद्र अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज करवाई है।

उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्र पर तैनात अध्यापकों द्वारा परीक्षा शुरू होने से पहले ही पुलिस को सूचा दी कि परीक्षा केंद्र के बाहर हस्तक्षेप बहुत ज्यादा है। यही नहीं गांव के काफी लोग व असामाजिक तत्व परीक्षा केंद्र में घुस आए है और पर्यवेक्षक के बदसुलूकी कर रहे है। लेकिन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से ना लेते हुए केवल दो.तीन पुलिसकर्मी भेजे, लेकिन उसके बावजूद भी माहौल जस का तस रहा। उन्होंने कहा कि व्यक्ति द्वारा प्रश्न पत्र की फोटो लेने और स्वीकार करने से यह साफ झलकता है कि पर्यवेक्षक की इसमें कोई गलती नही है। इसीलिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड बिना जांच के ही एफआईआर दर्ज करने के आदेश दे दिए गए, जिसकी संगठन कड़ी निंदा करता है।



भिवानी। हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ से संबंध सर्व कर्मचारी संघ के सदस्य ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

### बोर्ड परीक्षाओं दौरान बिना जांच एफआईआर का विरोध करेगा अध्यापक संघ

हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबंध सर्व कर्मचारी संघ जिला कार्यकारिणी का एक प्रतिनिधि मंडल आज जिला प्रधान महेन्द्र सिंह एवं सचिव राजेश सभ्रवाल के नेतृत्व मे बोर्ड प्रशासन से मिला एवं ज्ञापन सौंपकर मांग की की बोर्ड परीक्षाओं दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने या पेपर लीक होने की स्थिति में बिना पूर्ण जांच के वहां के पूरे ड्यूटी स्टाफ के विरुद्ध एफ आई आर करने का हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ विरोध करेगा। यदि बिना किसी ठोस कारण के किसी कर्मचारी को प्रताड़ित किया जाता है तो अध्यापक संघ आंदोलन के लिए मजबूर होगा। विगत दिनों जिला चरखी दादरी एवं मेवात आदि स्कूलों में इस प्रकार की घटनाएं सामने आई हैं जिसमें किसी असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा केंद्र में जबरदस्ती घुसकर किसी प्रश्न पत्र का फोटो वायरल किया गया है। बोर्ड प्रशासन ने बिना किसी जांच के वहां पर कार्यरत समस्त स्टाफ के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर दिया है यह उचित नहीं है। प्रशासन को चाहिए कि सभी परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होए सभी ड्यूटी स्टाफ को पूरी सुरक्षा प्रदान की जाए।

## खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी में अजीत बॉक्सिंग क्लब के तीन मुक्केबाजों ने पदक जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

25 से 29 फरवरी तक गुवाहाटी व गंगटोक में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अजीत बॉक्सिंग क्लब के तीन मुक्केबाजों ने पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अकादमी के कोच नवीन बल्हारा फ्रूटी ने बताया कि प्रतियोगिता में दीपक ने स्वर्ण पदक, 86 किलोग्राम भारवर्ग में नीतीश सांगवान ने रजत व 70 किलोग्राम भारवर्ग में संजना ने कांस्य पदक प्राप्त किया है। इन तीनों खिलाड़ियों ने पदक प्राप्त कर भिवानी का नाम रोशन किया है तथा भिवानी खेल नगरी के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। जिले के खिलाड़ियों ने विश्व स्तर पर भिवानी का नाम रोशन किया है।

उन्हें उम्मीद है कि आने वाली मुक्केबाजी प्रतियोगिताओं में इन खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन जारी रहेगा। इस मौके पर क्लब प्रधान सुरेन्द्र सिवाच, मनजीत अहलावत, शेरसिंह ग्रेवाल, सरपंच आशीष बैनिवाल, पूर्व पार्षद संदीप भारद्वाज, विकास पंघाल, डॉ. मनफुल ग्रेवाल, अजय सुहाग, राजेश मिड्ढा, श्याम सारसर, सरपंच कुलदीप चाहर, ओमबीर बेनिवाल, मोनू वर्मा, विकास बैनिवाल, धर्मबीर दुहन, मनजीत फौजी, सतवेन्द्र सांगवान, जितेन्द्र बैनिवाल, अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज प्रवीण लीली व संजय लीली आदि मौजूद रहे।





## 'टाइगर नागेश्वर राव' का हिंदी संस्करण अमेजन प्राइम वीडियो पर

**मुंबई।** अभिनेता रवि तेजा को आजकल फिल्म 'ईगल' में देखा जा रहा है। इससे पहले अभिनेता बीते साल रिलीज हुई फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' में नजर आए थे। यह उनकी पहली पैन इंडिया फिल्म है। 'टाइगर नागेश्वर राव' पहले ही तेलुगु भाषा में अमेजन प्राइम वीडियो पर दस्तक दे चुकी है। अब इस फिल्म का हिंदी संस्करण भी प्राइम वीडियो पर रिलीज कर दिया गया है। 'टाइगर नागेश्वर राव' का निर्देशन वामसी ने किया है। इस फिल्म के जरिए कृति सैनन की बहन नूपुर सैनन पैन इंडिया डेब्यू किया है। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर भी इस फिल्म का प्रमुख हिस्सा हैं। 35 करोड़ रुपये की लागत में बनी फिल्म 'टाइगर नागेश्वर राव' ने 50 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था।

लाइफ Style

# जाह्नवी

## आरसी-16 से साउथ फिल्म इंडस्ट्री में डेब्यू

'धड़क' मूवी से बॉलीवुड में डेब्यू करने वाली एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर अब साउथ फिल्म इंडस्ट्री में अपनी किस्मत आजमाने जा रही हैं। खबर है कि उन्होंने साउथ के स्टार रामचरण के साथ फिल्म साइन की है और दोनों 'आरसी 16' में नजर आएंगे। इसे बुच्ची बाबू सना डायरेक्ट करेंगे। अब जाह्नवी के पिता और प्रोड्यूसर बोनी कपूर ने इस खबर को कंफर्म कर दिया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बोनी कपूर ने कहा कि जान्हवी कपूर पहले जूनियर एनटीआर के साथ 'देवारा' के लिए शूटिंग कर चुकी है। उन्हें इसका हर हिस्सा पसंद आया। जल्द ही वह राम चरण के साथ फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगी। बोनी ने कहा कि राम और जूनियर एनटीआर बहुत अच्छा कर रहे हैं। बता दें कि जान्हवी ने धड़क फिल्म से अपने करियर की शुरुआत की थी जिसमें वे ईशान खट्टर के अपोजिट नजर आई थीं। इसके बाद एक्ट्रेस ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वे वरुण धवन के अपोजिट सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी नाम की फिल्म में नजर आएंगी। अगले वर्ष 18 इप्रैल 2025 को सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी थिएटर में आएगी।

अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस साल ईद पर रिलीज होगी। इस फिल्म में भी जान्हवी कपूर नजर आने वाली हैं। फिल्म में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की जोड़ी देखने को मिलेगी। इसके साथ ही फिल्म में मलयालम सिनेमा के सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन और जुगल हंसराज भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि ये फिल्म एक्शन से भरपूर होने वाली है। इसी प्रकार जान्हवी कपूर इस साल 'झलक' नाम की फिल्म में भी दिखाई देने वाली हैं।



हॉलीवुड मसाला

## 'द ब्लफ' में आएंगी नजर...



**लॉस एंजिलस।** बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपनी पहचान बनाने वाली देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा अब ग्लोबल स्टार बन गई हैं। अब उन्होंने अपनी नई फिल्म 'द ब्लफ' का ऐलान कर दिया है। प्रियंका ने 'द ब्लफ' के लिए मशहूर अभिनेता कार्ल अर्बन के साथ हाथ मिलाया है। प्रियंका ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा कर अपनी हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ' में समुद्री डाकू बनने की घोषणा की। इस फिल्म का निर्देशन फ्रैंक ई फ्लावर्स करेंगे, जो दुनियाभर में मशहूर फिल्म 'बॉब मार्लेः वन लव' की कहानी भी लिख चुके हैं।




## ग्रैमी विजेता गायक शर्विन को गीत गाने पर सुनाई 3 साल की सजा

**लॉस एंजिलस।** ग्रैमी पुरस्कार पा चुके ईरान के पॉप गायक शर्विन हाजीपुर सुर्खियों में हैं। गायक को 2022 में उनके द्वारा लिखे गए एक गाने के चलते 3 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, गायक ने पुलिस कस्टडी में मारी गई महसा अमिनी और हिजाब विरोध प्रदर्शन के समर्थन में गाना लिखा था। इसके बाद उन पर हिंसा भड़काने और सरकार के खिलाफ प्रचार करने के आरोप लगे थे।दरअसल, शर्विन ने 2022 में सोशल मीडिया पर अपना गाना 'बराए' साझा किया था, जिसका मतलब 'किसी के लिए' है। उन्होंने इस गाने के बोल लोगों के ट्वीट से बनाए थे और बताया था कि ईरानी जनता सरकार के खिलाफ क्यों है। यह गाना जारी होते ही वायरल हो गया और गायक को अगले ही दिन गिरफ्तार कर लिया गया था। शर्विन को सरकार के खिलाफ प्रचार के लिए 8 महीने की सजा दी गई।




## प्रतीक, पेंटाली का बेरहम घड़ियां गाना रिलीज

**मुंबई।** प्रतीक सहजपाल और पेंटाली सेन अभिनीत गाना बेरहम घड़ियां रिलीज हो गया है। प्रतीक सहजपाल व पेंटाली सेन ने कहा कि गदर की कोरियोग्राफर शबीना मैम ने इसे एक फिल्म की तरह शूट किया था। महत्वपूर्ण रहस्य के साथ, यह एक फिल्म जैसी कहानी है। हमें बहुत आनंद आया। शबीना खान द्वारा निर्देशित और कोरियोग्राफ बेरहम घड़ियां गाने को मोहम्मद ने आवाज दी है। संगीत दानिश और स्वाति शर्मा के कुमार दीपक ने दिया है। गीतकार श्री सिंधु हैं। यह गाना मून मूवीज़ एंड म्यूजिक द्वारा निर्मित है। बेरहम घड़ियां मून ओरिजिनल यूट्यूब चैनल और सभी प्रमुख स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। अभिनेत्री पेंटाली सेन ने कहा कि मैं उन सभी लोगों को धन्यवाद देती हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया और मेरे साथ हैं।




## सुनील की 'सनफ्लावर 2' नया पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने कॉमेडियन और अभिनेता सुनील ग्रोवर पिछले कुछ समय से अपनी आगामी वेब सीरीज 'सनफ्लावर 2' को लेकर चर्चा में हैं। यह सीरीज 2021 में आई 'सनफ्लावर' की दूसरी किस्त है। 'सनफ्लावर 2' का प्रीमियर 1 मार्च, 2024 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर हुआ। अब इस बीच निर्माताओं ने 'सनफ्लावर 2' की रिलीज से तीन दिन पहले सीरीज का पहला पोस्टर जारी कर दिया है, जिसे देख प्रशंसक काफी उत्साहित हो गए हैं। जी5 ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर 'सनफ्लावर 2' का पहला पोस्टर साझा करते हुए लिखा, 'संदिग्ध गतिविधियों से घिरा सोनू क्या सिर्फ एक संदिग्ध से ज्यादा कुछ है?' 'सनफ्लावर 2' में अभिनेत्री अदा शर्मा भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। रणवीर शौरी और आशीष विद्यार्थी जैसे सितारे भी इस सीरीज का हिस्सा हैं।

टीवी मसाला




## राजनीति में भूचाल लाने लौट रही 'महारानी', बदला लेते आएंगी नजर

**मुंबई।** पहले और दूसरे पार्ट से दर्शकों के जेहन में जगह बना चुकी पॉपुलर वेब सीरीज 'महारानी' के तीसरे सीजन का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ जिससे यह भी साफ़ हो गया है कि यह पॉलिटिकल ड्रामा कब रिलीज होने वाला है। ट्रेलर में दिखाया गया गया है कि पति भीमा भारती (सोहम शाह) की हत्या के झूठे आरोप में रानी भारती (हुमा कुरैशी) जेल में बंद है और इस हत्याकांड का बदला लेने की तैयारी कर रही है। हुमा कुरैशी स्टारर मोस्ट अवैटेड वेब सीरीज 'महारानी' तीसरे सीजन के साथ वापस लौट रही है। इस सीरीज को 7 मार्च से सोनी लिव पर देखा जा सकता है।

### क्या होगी 'महारानी 3' की कहानी

ट्रेलर से जो कहानी स्पष्ट होती है, उसके मुताबिक़, रानी भारती जेल में रहते हुए अपनी पढ़ाई पूरी कर रही है। रानी का राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी नवीन कुमार (अमित सियाल) उसके सामने चैलेंजेस डालता है। रानी के बच्चों पर भी गोली चलाई जाती है, तब वह जमानत पर बाहर निकलने का फैसला लेती है ताकि अपने बदले को अंजाम सके। ट्रेलर में कई शानदार डायलॉग्स भी सुनने को मिलते हैं, जिनमें से एक है, बंदूक कमजोर लोग चलाते हैं, समझदार लोग दिमाग। ट्रेलर के साथ 'महारानी' की स्ट्रीमिंग की तारीख का ऐलान भी किया गया है।

### कौन है महारानी का क्रिएटर

'महारानी' एक फिक्शन स्टोरी पर बेस्ड वेब सीरीज है, जिसमें एक घरेलू महिला के मुख्यमंत्री बनकर राजनीति में आने और फिर यहां नई-नई चुनौतियों का सामना करने की कहानी दिखाई गई है। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि यह कहानी बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से प्रेरित है। सीरीज में नवीन कुमार के किरदार को बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार से प्रेरित बताया जाता है।

### वेब सीरीज की स्टार कास्ट

इस वेब सीरीज के क्रिएटर जाने-माने फिल्ममेकर सुभाष कपूर हैं। जबकि इसके पहले दो पार्ट को क्रमशः करण शर्मा और रवीन्द्र गौतम ने निर्देशित किया था। तीसरे पार्ट के डायरेक्टर सौरभ भावे हैं। सीरीज में विनीत कुमार, प्रमोद पाठक, कनी कुस्रुती, अनुजा साथे, सुशील पांडे, दिव्येंदू भट्टाचार्य की भी अहम भूमिका है।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल में धूम मचाने के बाद देशी थियेटर पर रिलीज होगी अल्फा बीटा गामा

**मुंबई।** कोरोना काल में पहले लॉकडाउन के दौरान एक आदमी, उसकी पत्नी और पत्नी का ब्वॉयफ्रेंड एक ही घर में 14 दिनों के लिए बंद हो गए हों तो उसका नज़ारा क्या होगा। क्या होगा घर के अंदर का माहौल। कुछ ऐसे ही मसालेदार तड़के के साथ एक लव स्टोरी फिल्म देश भर के सिनेमाघरों में आ रही है 8 मार्च को जिसका नाम है अल्फा बीटा गामा। इस फिल्म को बनाया है पुणे फिल्म इंस्टीट्यूट के कुछ लोगों ने एक टीम बना कर। फ्रेश सब्जेक्ट, अनछुई कहानी है और यही वजह है कि इस फिल्म ने पिछले 2 से 3 सालों में दुनिया भर में वाहवाही बटोरी है। लेखक निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा का फिल्म फेस्टिवल गोवा में तालियों की गड़गड़ाहट से स्वागत हुआ । उसके बाद फिल्म अल्फा बीटा गामा ने दुनियां भर के एक से बढ़कर एक प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में आकर्षण का केंद्र बनी।



### फिल्म में इन कलाकारों का रोल

फिल्म में रीना अग्रवाल के अलावा निशान ननैया और अमित कुमार वशिष्ठ मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। ये फिल्म छोटी फिल्म प्रोडक्शन और नाउनसेंस के बैनर तले बनी है। अल्फा बीटा गामा को 70 एमएम टॉकीज, सामंत चौहान और अगस्त्य जैन ने प्रस्तुत किया है। मोना शंकर, मेनका शर्मा, जितिन राज और थॉमस पुन्नूस ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है। लेखक और निर्देशक श्रीकुमार शंकर की फिल्म अल्फा बीटा गामा एक लव स्टोरी हैं जिसमें स्लाइस ऑफ लाइफ के बीच ढेर सारी कॉमेडी है।

## विजय वर्मा फिल्म 'आईसी814' में पायलट बन जीतेंगे दर्शकों का दिल

**मुंबई।** अभिनेता विजय वर्मा अब धीरे-धीरे बॉलीवुड में भी अपने पैर जमा रहे हैं। विजय एक के बाद एक कई हिंदी फिल्मों और वेब सीरीज में अपने अभिनय का कमाल दिखाते नजर आए हैं। हाल ही में उनकी नई फिल्म 'आईसी 814 का ऐलान किया गया है। फिल्म में अभिनेता पायलट की भूमिका निभाएंगे। 'आईसी 814ः द कंधार हाईजैक' में कैप्टन देवी शरण की भूमिका निभाने से पहले विजय ने असल में कैप्टन देवी शरण से मुलाकात की। फिल्म में विजय के अलावा नसीरुद्दीन शाह, पंकज कपूर और दीया मिर्जा जैसे सितारे मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अनुभव सिन्हा ने संभाली है और यह 'नेटफ्लिक्स' पर दस्तक देगी।



### कंधार विमान अपहरण की कहानी

'आईसी 814ः द कंधार हाईजैक' में साल 1999 में एयर इंडिया के विमान के हाईजैक की वास्तविक घटना को दिखाया जाएगा। इस घटना में 188 यात्रियों को आतंकवादियों ने 7 दिनों तक बंधक बनाकर रखा था। विजय ने कैप्टन से सारी जानकारी जुटाने के बाद अपनी तैयारी में और गूढ़ता लाने के लिए विजय ने फ्लाइट सिविलाइजेशन सेंटर का दौरा किया। इस क्षेत्र के विशेषज्ञों से सीखते हुए अभिनेता ने अपने किरदार में प्रामाणिकता लाने के लिए सभी आवश्यक चीजों को ग्रहण किया है। बता दें, यह फिल्म कंधार प्लेन हाईजैक की सच्ची घटना पर आधारित है।

## इस माह मचेगा बॉक्स ऑफिस में तहलका, फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद ही खास

# योद्धा से लेकर द क्रू तक रिलीज होंगी ये धांसू फिल्में

**मुंबई।** इन दिनों सिनेमाघर में बॉलीवुड, टॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक की फिल्में धमाल मचा रही है। हर जॉनर की फिल्म बॉक्स ऑफिस शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। फरवरी का महीना शुरुआत से ही एंटरटेनमेंट से भरपूर रहा। कई फिल्मों ने लोगों का दिल जीता और शानदार कलेक्शन भी किया। वहीं अब मार्च का महीना भी फिल्म प्रेमियों के लिए बेहद ही खास होने वाला है। इस महीने कॉमेडी, रोमांस, थ्रिल, सस्पेंस, एनिमेशन और एक्शन से भरपूर कई शानदार फिल्में रिलीज होने के लिए तैयार हैं। जिसमें सिद्धार्थ कपूर की योद्धा से लेकर करीना-तब्बू-कृति की द क्रू भी शामिल है।

### अजय देवगन की हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान'

अजय देवगन की मचअवेटेड हॉरर थ्रिलर फिल्म 'शैतान' भी रिलीज होने के लिए तैयार है। विकास बहल के निर्देशन में बनी ये फिल्म 8 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के अलावा आर. माधवन, एक्ट्रेस ज्योतिका भी नजर आएंगी। फिल्म को अजय देवगन, ज्योति देशपांडे, कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक ने प्रोड्यूस किया है।







### सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'योद्धा'

सिद्धार्थ मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'योद्धा' 15 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस हाई ऑक्टेन एक्शन फिल्म में सिद्धार्थ सोल्जर की भूमिका धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसके अलावा इस फिल्म में दिशा पाटनी और राशि खन्ना भी नजर आने वाली हैं। फिल्म को पुष्कर ओझा और सागर आंब्रे ने डायरेक्ट किया है। वहीं करण जौहर, शशांक खैतान, अपूर्वा मेहता ने फिल्म को प्रोड्यूस किया है।

### नक्सलवाद पर प्रहार 'बस्तर द नक्सल स्टोरी'

अदा शर्मा की अपकमिंग फिल्म 'बस्तर द नक्सल स्टोरी' की जब से अनाउंसमेंट हुई है, फैंस इस मूवी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सुदीप्तो सेन ने डायरेक्शन में बनी फिल्म 15 मार्च 2024 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म में अदा शर्मा लीड रोल में हैं।

### करीना, कृति और तब्बू की फिल्म 'क्रू'

करीना कपूर खान, कृति सेनन और तब्बू की मचअवेटेड फिल्म 'क्रू' को लेकर दर्शकों के बीच बज बना हुआ है। राजेश ए कृष्णन के डायरेक्शन में बनी ये फिल्म 29 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ कॉमेडियन कपिल शर्मा, एकता कपूर, शोभा कपूर, रिया कपूर और अनिल कपूर स्पेशल अपीयरेंस करते दिखेंगे।

### कई सितारों से सजी 'मर्डर मुबारक'

सितारों से सजी मिस्ट्री थ्रिलर फिल्म 'मर्डर मुबारक' 15 मार्च को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगा। इस फिल्म में सारा अली खान, करिश्मा कपूर, विजय वर्मा, पंकज त्रिपाठी, डिंपल कपाड़िया, संजय कपूर सहित कई सितारें एक साथ नजर आएंगे।

### एनिमेटेड फिल्म 'कुंग फू पांडा 4'

एनिमेटेड फिल्म 'कुंग फू पांडा 4' भी 15 मार्च को रिलीज होने वाली है। ए ड्रीमवर्क्स एनिमेशन, कुंग फू पांडा 4 का डायरेक्शन माइक मिचल ने किया है। यूनिवर्सल पिक्चर्स वार्नर ब्रदर्स डिस्कवरी की ये फिल्म अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### बायोपिक फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर'

रणदीप हुडा के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्वतंत्र वीर सावरकर' 22 मार्च 2024 को दो भाषाओं हिंदी और मराठी में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में अंकिता लोखंडे भी नजर आने वाली हैं। बता दें कि 'स्वतंत्र वीर सावरकर' भारत के स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की बायोपिक है।

**खबर संक्षेप**

## जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. देवेंद्र हुए सेवानिवृत्त



**भिवानी।** करीबन 34 वर्षों तक आयुर्वेद विभाग में सेवा उपरांत जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. देवेंद्र शर्मा सेवानिवृत्त हो गए, उनकी सेवानिवृत्ति पर केक काटकर उन्हें विदाई दी गई तथा विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनके लंबे, सुखी एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस मौके पर आयुष विभाग से आयुष मेडिकल ऑफिसर, आयुष फार्मासिस्ट, एनएचएम स्टाफ व जिला आयुर्वेद अधिकारी कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों स्मृति चिह्न भेंटकर डॉ. देवेंद्र शर्मा को सम्मानित किया।

## 50 हज़ार प्रति एकड़ मुआवज़ा दे सरकार: मेचू

**लोहारू।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व चेयरमैन शीशराम मेचू ने कहा कि दो दिन पहले लोहारू हलके अनेक गांवों में ओलावृष्टि से रबी सीजन की फसल चौपट हो गई है। जिससे किसान की कमर तोडक़र रख दी है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह ओलावृष्टि प्रभावित फसलों की विशेष गिरदावरी कराके पीड़ित किसानों को 70 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से मुआवजा दे। शीशराम मेचू ने कहा कि हलके के कई गांवों में भारी मात्रा में ओलावृष्टि हुई है। जिससे किसानों को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि सरकार के किसान की आए दोगुनी करने के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।

## कर्मियों की मांगों की हो रही अनदेखी

**भिवानी।** सर्व कर्मचारी संघ संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ की राज्य कार्यकारिणी की मीटिंग कर्मचारी भवन रोहतक में हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रांतीय प्रधान धर्मबीर फौगाट ने की तथा संचालन महासचिव नरेश ने किया। मीटिंग में सभी 22 जिलों के प्रधान, सचिव के अलावा विभागीय संगठनों के प्रधान व महासचिव ने शिरकत की। प्रांतीय प्रधान धर्मबीर फौगाट ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार का कर्मियों की मांगों के प्रति रूख ठीक नहीं है, लोकतांत्रिक व्यवस्था में जनता के सभी हिस्सों की मांगों व समस्याओं को सुनकर वाजिब मांगों का समाधान करना होता है, लेकिन सरकार इसकी अनदेखी कर रही है।

## लोस चुनाव में कांग्रेस का होगा सुपड़ा साफ : सूरा

**हिसार।** भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं बरवाला हलका के वरिष्ठ नेता राजेश सूरा ने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में देश व प्रदेश में कांग्रेस का सुपड़ा साफ होगा। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह जान चुकी है कि कांग्रेस समाज को बांटने का काम करती है और भाजपा विकास से देश को आगे ले जाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि आज देश की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर पूरा विश्वास है। जनता यह जानती है कि देश केवल प्रधानमंत्री मोदी के हाथों में ही सुरक्षित है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।

### ब्रह्माकुमारी ने किया दीप प्रज्ज्वलन व शिव ध्वजारोहण

# महिलाएं बेटा-बेटी को समान शिक्षा और संस्कार दें : उषा

"परमात्मा शिव द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक परिवर्तन" विषय पर आयोजित कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** शिव ध्वजारोहण फहराती ब्रह्माकुमारीज व अन्य।

जब महिलाएं संस्कारी बनेगी तो समाज संस्कारी बनेगा, महिलाएं बेटा बेटी को समान मानते हुए शिक्षा और संस्कार दें तो सामाजिक उत्थान संभव है, ये उद्गार प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की झोझूकलां शाखा के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में "परमात्मा शिव द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए सकारात्मक परिवर्तन" विषय पर आयोजित कार्यक्रम में पंचायत समिति झोझूकलां की वाइस चेयरमैन उषा रानी ने व्यक्त किए।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन, वाइस चेयरमैन उषा रानी, जिला पार्षद निशा रानी, पंचायत समिति सदस्य कविता व ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने दीप प्रज्ज्वलन व शिव ध्वजारोहण कर किया। क्षेत्रीय प्रभारी राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी वसुधा बहन ने कहा कि महिला व बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक की आधारशिला व घर परिवार की धुरी है। आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में धारण कर स्वयं को सशक्त बना अपने घर परिवार को दिव्य गुणों सुसज्जित कर बच्चों को सुसंस्कारित बनाएं, तभी भारत देश स्वर्णिम बन सकता है। जिला पार्षद निशा ने मातृशक्ति की संकल्प शक्ति और कर्मठता के बिना कोई कार्य प्रगति और विकास संभव नहीं है। पंचायत समिति सदस्य कविता ने कहा कि महिलाओं को बाहरी दिखावे को छोड़ आंतरिक रूप से मजबूत होना चाहिए, तभी समाज का सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने राजयोग मेडिटेशन का अभ्यास करवाया।

## परमपिता परमात्मा शिव का प्रतीक है शिवलिंग



**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय रूद्रा कॉलोनी भिवानी में त्रिमूर्ति शिवजयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में ओआरसी से पधारे राजयोगीनी बीके विजय दीदी ने शिव ध्वज फहराकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और शिवरात्रि के गुह्य रहस्य को स्पष्ट करते हुए कहा कि शिवरात्रि पर जिन शिवशंकर की पूजा अर्चना करते हैं, ये मंदिर में स्थापित शिवलिंग परमपिता परमात्मा शिव का प्रतीक है जो अजन्मा है, सर्व का कल्याणकारी है, निराकार ज्योति बिंदु है, इसलिए शिवलिंग पर तीन सफेद लाइनों के बीच एक लाल बिंदी भी दिखाते हैं। उन्होंने कहा कि दूसरी प्रतिमा आकारी रूपधारी शंकर देवता की है,जो स्वयं भी आंखें बंद शिव के ध्यान में मग्न हैं। यही कारण है कि हम शिव परमात्मा नमः और शंकर देवता नमः कहते हैं। शाखा संचालिका बीके रजनी दीदी ने सभी को शिवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि किसी भी पर्व को मनाने की सफलता तभी है, जब हम उससे जुड़े रहस्यों को समझते हुए उन्हें अपनाकर अपने जीवन को बेहतरीन और खुशनुमा बनाएं। मुख्यतिथि केएम बीएड कॉलेज के प्राचार्य राजीव शर्मा ने भी शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये पर्व अपने अंदर की सर्वबुराइयों को प्रभु पर समर्पित करने का है। कार्यक्रम का समापन व्यसन मुक्ति की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

# पूर्व सीपीएस फौजी ने किया जनसंपर्क

- फौजी ने घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** ग्रामीणों को संबोधित करते पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी।

गांव जमालपुर के पंचयात घर से पूर्व सीपीएस रामकिशन फौजी के नेतृत्व मे भारी तादाद में कांग्रेस कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने घर घर कांग्रेस हर घर कांग्रेस अभियान की शुरुआत की। गांव के बाजार से होते हुए दुकानदार व्यापारियों व ग्रामीणों से मुलाकात की और उन्हें कांग्रेस पार्टी द्वारा जारी की संकल्प पत्र के बारे में अवगत करवाया। पूर्व सीपीएस फौजी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर 300 यूनिट बिजली फ्री, गरीब परिवारों को 100 गज के मुफ्त प्लॉट, 6000 रूपये माह बुढ़ापा पेंशन, 500 रूपये में रसोई गैस सिलेंडर, पुरानी पेंशन योजना लागू करने सहित अनेक योजनाएं लागू करने की बात कही। फौजी ने कहा कि कांग्रेस सरकार आने पर प्रदेश के किसानों को गारंटी व सम्मान देने का काम करेंगे। इस दौरान किरण प्रधान, सुभाष चेयरमैन, महाबीर अत्री, अनूप बडेसरा, बलजीत यादव, महासिंह यादव, लाला माजरिया, सुबे नंबरदार, सुरेश सांगवान, उदयबीर बीडीसी, रमेश बीडीसी, राजेश जांगड़ा बिंद्र घनघस आदि मौजूद रहे।

## सीबीएलयू के एमसीएस विभाग ने किया प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना पर सर्वे



**भिवानी।** चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय के एमसीएस विभाग ने कुलपति प्रोफेसर राजकुमार मित्तल एवं कुलसचिव ऋतु सिंह के संयुक्त दिशा निर्देशन में प्रेमनगर गांव में सर्वे किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रोफेसर सोनू मदान ने बताया कि छात्रों को फील्ड रिपोर्टिंग एवं सर्वेक्षण विधि को सिखाने के लिए मीडिया एवं जनसंचार अध्यन विभाग समय-समय पर छात्रों को फील्ड में भेजती है, जिससे छात्रों में व्यावहारिक रूप से पत्रकारिता की समझ विकसित हो सके। एमसीएस विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. उमा शाह ने बताया कि छात्रों द्वारा प्रेमनगर के लगभग 100 घरों का सर्वे किया, जिसका उद्देश्य प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना के प्रति लोगों की जागरूकता योजना की स्थिति को जानना था। छात्रों ने संग्रहित प्राथमिक आंकड़ों से पाया कि सरपंच, सोशल मीडिया व ब्लॉक द्वारा लोगों की योजना की जानकारी मिली और लोग अपने घरों में सोलर पैनल लगवा रहे हैं। सर्वे टीम में विद्यार्थी निशा, पूजा, दीपक चौहान, मोहित और हिमांशु ने भाग लिया।

## किसानों ने कृषिमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**चरखी दादरी।** सोमवार को जिला पार्षद मोहित साहू रानीला के नेतृत्व में किसानों ने ओलावृष्टि से नष्ट हुई फसलों के मुआवजे की मांग को लेकर बौंद कलां तहसीलदार कृषि मंत्री जेपी दलाल के नाम पत्र सौंपा। मोहित साहू ने बताया कि गत दिनों हुई ओलावृष्टि से मालकोष, निमड़ी, हिंडोल, बौंद कलां, सांकरोड़, सांजरवास, फौगाट, रानीला व ऊण में फसलें बर्बाद हो गई है। जिसके कारण किसानों को भारी नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि पहले ही किसानों पर भारी कर्ज है, जिसके बोझ तले कमेरा वर्ग दबा हुआ है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी जमीनें बेचने को मजबूर है। ऊपर से कुदरत के इस कहर ने अन्नदाता को ओर अधिक भारी नुकसान पहुंचा दिया है।

## भाकियू ने विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में सौंपा ज्ञापन



**लोहारू।** भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान मेवासिंह आर्य के नेतृत्व में संगठनों के पदाधिकारियों और किसानों ने अपनी मांगों को लेकर एसडीएम कार्यालय में एसडीएम के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। प्रधान मेवासिंह आर्य, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मपाल बारवास,प्रदेश सचिव आजाद सिंह भूंगला, जिला उपाध्यक्ष कैप्टन इंद्राज सिंह और जिला कोषाध्यक्ष मंदरूप नेहरा ने संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपकर बताया कि पिछले दिनों लोहारू हलके के गांवों में भारी बरसात और ओलावृष्टि ने किसानों की रबी सीजन की फसल को बर्बाद कर दिया। सरकार को चाहिए कि वह स्पेशल गिरदावरी कराके किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा प्रदान करे। इससे पहले बैठक कर संगठन के पदाधिकारियों और किसानों ने फैसला लिया है कि 11 मार्च को लोहारू के सब डिवीजन पावर हाऊस किसानों की बड़ी पंचायत की जाएगी। जिसमें आए दिन पड़ रहे बिजली के अनावश्यक छापे और मनमाने सर्कुलर सहित घरेलू बिजली बिलों में बिजली सिक्योरटी के नए विकल्प को बंद करने सहित किसान हित के अनेक मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

# समाजसेवा के माध्यम से आगे बढ़े युवा

- राष्ट्रीय सेवा योजना युवावर्ग में सेवा करने का पैदा करता है जज्बा

हनुमान मंदिर में वैश्य महाविद्यालय का सात दिवसीय एनएसएस शिविर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी




**भिवानी।** एनएसएस शिविर के समापन पर नृत्य की प्रस्तुति देते स्वयंसेवक।

राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को सामाजिक जीवन में प्रवेश करने के लिए प्रशिक्षित करते हुए उनमें अनुशासन के भाव को पैदा करती है, ये स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करने का बेहतर माध्यम है, ये बात वैश्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के अन्तर्गत हनुमान ढ़ाणी स्थित हनुमान मंदिर में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन पर मुख्यतिथि वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कही। समारोह की अध्यक्षता हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. वीपी यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना युवावर्ग को सेवा करने का जज्बा पैदा करता है, उन्होंने युवाओं को /"सेवा परमों धर्म/"का अनुसरण कर समाजसेवा के माध्यम से अपने भविष्य की नीव मजबूत करने की सीख दी। शिविर के समापन समारोह का शुभारंभ मुख्यतिथि गुप्ता, समारोह अध्यक्ष डॉ. यादव, महंत चरणदास, लिटिल हार्ट्स ग्रुप के चेयरमैन डॉ. पवन गोयल, वैश्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, डीन एकेडमिक अफेयर डॉ. नरेंद्रसिंह, डीन यूथ अफेयर धीरज त्रिखा, एनएसएस इकाई-1 प्रभारी डॉ. कामना कौशिक ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

## ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने को कार्य कर रही ग्रामोत्थान योजना



**भिवानी।** ग्रामोत्थान संसाधन केन्द्र सुई में एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन द्वारा 20 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यशाला में देशभर उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल, जम्मू, पंजाब से एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के सभी प्रशिक्षक उपस्थित हुए। कार्यशाला का शुभारंभ एकल ग्रामोत्थान फाउंडेशन के एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर भास्कर शर्मा, प्रोजेक्ट हेड आशीष सिंह, ग्रामोत्थान योजना के सचिव सुमेर सिंह एवं वरिष्ठ वक्ता के रूप में लाला बहादुर ने भारत माता के समक्ष द्वीप प्रज्ज्वलित कर किए। भास्कर शर्मा ने कहा कि आज के समय में ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए ग्रामोत्थान योजना कार्य कर रहा है। आज के समय में रोजगार के तलाश में ग्रामीण युवा शहरों की तरफ पलायन को मजबूर हैं, जिसे रोकने के लिए सबको प्रयास करना चाहिए। उन्होंने युवाओं के पलायन को रोकने एवं स्थानीय स्वरोजगार से जोड़ने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाएगा। लाला बहादुर स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके सपनों को पूर्ण करने आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रशिक्षण विभाग के प्रमुख राजदीप राय, बासुदेव तांती, रोहित महता एवं शामू भाई कटारा उपस्थित रहे।

# जिला उपाध्यक्ष का अभिनन्दन समारोह आयोजित

- डुडेजा के अभिनन्दन समारोह को भाईचारे का प्रतीक बताया वि मंच से अपने विचार रखे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते एक वक्ता।

पंजाबी कम्युनिटी सेंटर में बीजेपी के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में महंत चरणदास,जींद विधायक कृष्ण मिड्ढा, बीजेपी जिला अध्यक्ष मुकेश गौड़,युवा अध्यक्ष राहुल मुंढाल, पंजाबी खत्री सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वादानन्द आर्य, पूर्व दिव्यांग कमिश्नर राजकुमार मक्कड़, सीएम की बहन वीना अरोड़ा, बीजेपी की प्रवक्ता नेहा धवन, कार्यक्रम संयोजक व पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन मिड्ढा ने हर्षदीप डुडेजा के अभिनन्दन समारोह को भाईचारे का प्रतीक बताया वि मंच से अपने विचार रखे। इस मौके पर बीजेपी जिला सचिव सुनील तलेजा व जिला उपाध्यक्ष शालू अरोड़ा के अलावा समाज में अच्छे कार्य करने वाले युवाओं व सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता बंटवारे के दौरान ब्रिटिश.इंडिया से आये वरिष्ठजन सोहनलाल पोपली ने की। कार्यक्रम के आयोजक नवनियुक्त बीजेपी जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा ने खुद प्रत्येक बुजुर्ग को माला पहनाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। जींद विधायक कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि वे जिला उपाध्यक्ष हर्षदीप डुडेजा को बधाई देते हैं कि आयोजन के माध्यम से कम से कम समाज को एक छत के नीचे बैठाने का काम किया है। हर्षदीप ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ईमानदारी की मिसाल देते हुए 75 पार व पीएम मोदी के 400 पार नारे को सफल बनाने के लिए जी जान से जुट जाने की भी सभी के बीच शपथ ली। अभिनन्दन समारोह में नगर पार्षद मनीष गुरेजा,पार्षद सुभाष तंवर, अशोक कामरा,पार्षद सुमिता डुडेजा, राधा कृष्ण चावला , सुरेश अरोड़ा,ईश बांगा, प्रेम मेहता, विकास महता, संजय ककड़,धीरज कटारिया, ओम दुरेजा आदि रहे।

# रक्तदाता और गोसेवक का सम्मान

- 102 पैदल वाहिनी के 57वां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी




**भिवानी।** शतकवीर रक्तदाता डुडेजा व गोसेवक परमार को सम्मानित करते आयोजक।

हालुवास गेट स्थित रविदास धर्मशाला में सोमवार को 102 पैदल वाहिनी पंजाब का 57वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में 102 पैदल वाहिनी के पूर्व एवं वर्तमान सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में गो सेवक संजय परमार व शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा को समाजसेवा के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम आयोजक संजय फौजी ने बताया कि 102 पैदल वाहिनी की भूमिका देश की सीमाओं को सुरक्षित करने में अग्रणीय रही है। उन्होंने कहा कि संकट के समय में पैदल वाहिनी के सैनिकों ने शूरवीरता व पराक्रम दिखाकर देश की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पैदल वाहिनी के सदस्यों को इस बात का गर्व है कि उनकी जहां भी तैनाती रही, वह क्षेत्र पूरी तरह से सुरक्षित रहा। वक्ताओं ने 102 पैदल वाहिनी में सेवारत्त रहते अपने-अपने अनुभवों को सांझा किया। इस अवसर पर सूबेदार ऋषिपाल हवलदार, धर्मबीर हवलदार, कंवर हवलदार, अर्जुन हवलदार, विरेंद्र हवलदार, सुरेंद्र सनसनवाल, हवलदार जोगिंद्र, हवलदार श्रीनिवास आदि रहे।

### पूर्वमंत्री एवं विधायक किरण ने ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण

# किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दें सरकार

- पूर्वमंत्री किरण चौधरी ने हलके के विभिन्न गांवों का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** ओलावृष्टि प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करती पूर्वमंत्री एवं विधायक किरण चौधरी।

पूर्वमंत्री एवं तोशाम से विधायक किरण चौधरी ने कहा कि ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ है तथा उनके समक्ष अब अगली फसल की बुवाई की समस्या सबसे बड़ी समस्या है, ऐसे में सरकार को चाहिए कि वे मुश्किल समय में किसानों को थोड़ी राहत देते हुए ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दें। किरण सोमवार को गांव मनसरवास, सुंगरपुर, खारियावास, धारणबास, देवराला, खापड़वास, इंदीवाली, ढ़ाणढ़ाणी, पोकरवास, लालावास, लडियावाली, बिजनबास, बाबरवास, चांदवास आदि गांवों में ओलावृष्टि प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर रही थी।

इस दौरान प्रेम स्वामी, धर्मबीर स्वामी, नवीन पंघाल, वेदपाल स्वामी, मनजीत स्वामी ने भाजपा छोड़ कांग्रेस में अपनी आस्था जताई।

किरण ने कहा कि भाजपा सरकार से न केवल जनता, बल्कि उनके खुद के कार्यकर्ता भी परेशान हो चुके है, क्योंकि भाजपा सरकार आमजन व कार्यकर्ताओं की सुनने की बजाय तानाशाही से सरकार चलाने में विश्वास रखती है,इसीलिए आज बड़ी संख्या में लोग भाजपा छोड़ कांग्रेस में अपनी आस्था जता रहे है।

वहीं ओलावृष्टि प्रभावित खेतों का निरीक्षण करते हुए किरण चौधरी ने किसानों की आर्थिक स्थिति पहले से ही दयनीय है तथा अब मौसम की मार ने उसे और भी बर्बादी की तरफ धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि ओलावृष्टि के काण किसानों की फसल पूरी तरह से बिछ गई है, ऐसें में राज्य सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर किसानों को 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा दें।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर चेयरमैन शीशराम, सुनील शास्त्री, जयपाल चेयरमैन, सत्यनारायण शर्मा, प्रदीप गोलागढ़, कुलदीप मनसरवास, सुभाष गोलागढ़, सुखबीर खैरपुरा, जितेंद्र लडियावाली, अशोक सरपंच, अनिल वाइस चेयरमेन आदि मौजूद रहे।

## छह मार्च को आयोजित होंगे लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रम: एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

छह मार्च को प्रत्येक खंड स्तर पर लखपति दीदी महासम्मेलन कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में विशेषतौर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भाग लेंगी। जिला मुख्यालय पर बाल भवन वाटिका में कार्यक्रम आयोजित होगा। खंड स्तर पर कार्यक्रम बीडीपीओ कार्यालय परिसर में आयोजित होंगे। ये जानकारी एडीसी हर्षित कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक में दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के महत्वाकांक्षी ड्रोन दीदी कार्यक्रम के चलते छह मार्च को जिला के प्रत्येक खंड स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रमों में महिलाओं को नैनो यूरिया के छिडक़ाव को लेकर जानकारी दी जाएगी ताकि वे अपनी आमदनी बढ़ा सकें। उन्होंने बताया कि ये कार्यक्रम सुबह साढ़े नौ बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित होंगे।

**सूचना**

मैं, धनपत पुत्र श्री लोकराम निवासी खानक तहसील तोशाम, जिला भिवानी बयान करता हूं कि मेरे पुत्र बिजेन्द्र, धर्मबीर व मेरी पुत्रवधु कविता, गौरी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

## स्वतंत्रता सेनानी लाला हरदयाल को किया नमन



**भिवानी।** विदेश में रहने वाले भारतीयों को देश की आजादी की लड़ाई में योगदान के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने में महान स्वतंत्रता सेनानी लाला हरदयाल का विशेष योगदान रहा है, ये बात स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण संगठन के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष महेन्द्रपाल यादव ने स्वतंत्रता सेनानी लाला हरदयाल के बलिदान दिवस पर नमन करते हुए कही।

## गांव मंढ़ाणा की दर्शना ने पीएचडी की



**भिवानी।** खेलों के दम पर विश्वभर में अपनी अलग पहचान स्थापित करने खेल नगरी शिक्षा के क्षेत्र में भी किसी से पीछे नहीं है। इसी कड़ी में गांव मंढ़ाणा निवासी दर्शना महला ने पीएचडी की डिग्री हासिल की है। बता दें कि दर्शना पीएचडी की डिग्री प्राप्त करने वाली गांव की पहली महिला है। दर्शना ने अपनी काबिलियत, कड़ी मेहनत और लग्न के बलबूते सफलता का ऊंचा मुकाम हासिल कर न केवल अपने माता पिता व सास-ससुर का नाम रोशन किया है, बल्कि जिले को भी गौरवान्वित किया है।

### सरकार की कार्यप्रणाली पर जताया रोष

# सफाईकर्मियों-चौकीदारों ने शहर में किया प्रदर्शन और सौंपा ज्ञापन

### मोबाइल ऐप पर हाजिरी लगाने के फरमान को नहीं किया जाएगा सहन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

सीटू एवं सर्व कर्मचारी संघ संबंधित ग्रामीण सफाई कर्मियों व ग्रामीण चौकीदारों ने शहीद भगत सिंह यादगार भवन में इकट्ठा होकर सभा का आयोजन किया और सीटू कार्यालय से डीसी कार्यालय तक रोष प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन एवं सभा की अध्यक्षता ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला प्रधान मोहन बहल व हरियाणा ग्रामीण चौकीदार सभा की ओर से भगतसिंह ने किया। मंच संचालन ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन के जिला उपाध्यक्ष राजबीर सिघानी ने किया।

ग्रामीण सफाई कर्मियों व चौकीदारों को संबोधित करते हुए सीटू व यूनियन नेताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण चौकीदारों, ग्रामीण सफाई कर्मियों और जल कर्मियों की मोबाइल ऐप पर हाजिरी लगाने का फरमान जारी किया है, जिसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एप में दर्शाया गया है कि तीन दिन तक ऑनलाइन हाजिरी का सत्यापन ग्राम सचिव करेगा, उसके बाद सरपंच एप से वेतन एवं मानदेय भुगतान की ऑनलाइन सिफारिश करेगा। सरपंच की सिफारिश के बाद सरकार ने जिस प्राइवेट बैंक के साथ करार किया है, वह बैंक उपरोक्त कर्मियों एवं चौकीदारों का ऑनलाइन मानदेय भुगतान करेगा।






**भिवानी।** शहर में प्रदर्शन करते ग्रामीण सफाई कर्मचारी व चौकीदार, जिला समाज कल्याण विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण सफाई कर्मचारी व चौकीदार। *फोटो : हरिभूमि*

### तुगलकी फरमान निरस्त किया जाए

उन्होंने कहा कि उपरोक्त कर्मियों के वेतन मानदेय का बिल बनाने का प्रावधान बीडीपीओ कार्यालय करता था, अब सरपंचों के माध्यम से करवाया जाएगा, जिसका हम कड़ा विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि नई व्यवस्था से ये कर्मी सरपंचों के मनमानी और बेगार का जबरदस्त शिकार होंगे, जो कर्मी सरपंच की मर्जी के हिसाब से उसके बताएं कार्यों से मना करेगा और चुनावी रजिंस के चलते उनके मानदेय वेतन में मनमाने तरीके से कटौती होगी, इसलिए सरकार का ये तुगलकी फरमान है, इसे निरस्त किया जाए।

### ये रहे मौजूद

रोष प्रदर्शन व सभा को सीटू जिला सचिव कामरेड अनिल कुमार, सुखदेव पालुवास, फुलचन्द, किसान एवं मजदूर नेता कामरेड ओमप्रकाश, ग्रामीण सफाई कर्मचारी नेता सुमित, रमेश मुढ़ाल, सतीश, दलबीर, बलवान, महाबीर, संतोष, माया, ग्रामीण चौकीदार सभा नेता भगतसिंह व मुनीम ने अपने विचार रखे।

### डीईईओ को समस्याओं एवं मांगों से अवगत करवाया



**भिवानी।** हरियाणा शारीरिक शिक्षक एसोसिएशन की जिला कार्यकारिणी का प्रतिनिधिमंडल सोमवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी संतोष नागर से मिला तथा शारीरिक शिक्षकों की विभिन्न मांगों से उन्हें अवगत करवाया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व एसोसिएशन के जिला प्रधान कुलदीप महला ने किया। इस दौरान डीईईओ नागर से एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों से परिचय लिया। जिला महासचिव सुधीर मलिक ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने डीईईओ से शारीरिक शिक्षकों की समस्याओं एवं मांगों से अवगत करवाया तथा उन्हें जल्द पूरा करवाने की मांग की। डीईईओ नागर ने उन्हें आश्वासन दिया कि उनकी सभी मांगों पर गौर करते हुए जल्द से जल्द पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। डीईईओ से मिलने वालों में एसोसिएशन के पूर्व राज्य प्रधान राजेश ढांडा, राज्य वरिष्ठ उपप्रधान विरेंद्र घणघस, एईईओ सत्यवान नागल, पूर्व राज्य महासचिव बलवान सिंह, सलाहकार सोमदत्त शर्मा, पूर्व जिला महासचिव विनोद पिंकू, कोषाध्यक्ष मोतीलाल जांगड़ा, जिला वरिष्ठ उपप्रधान सुनील, अजमेर सिंह, देवेंद्र अत्री, शमशेर सिंह, मुकेश मान, अमरपाल पीटीआई, सुंदर सिंह पीटीआई आदि मौजूद रहे।

## डीसी कार्यालय पर सत्याग्रह धरना देकर ज्ञापन सौंपेगी वर्कर्स यूनियन



**भिवानी।** हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ) चिड़ियाघर रोड स्थित जिला यूनियन कार्यालय में जिला कमेटी के पदाधिकारियों की मीटिंग जिला प्रधान सुरेन्द्र कुमार टोनी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। मीटिंग में प्रांतीय मुख्य सलाहाकार सज्जन भारद्वाज व प्रांतीय कार्यालय सचिव राजकुमार सैन ने भाग लिया। मीटिंग का संचालन जिला सचिव श्रीभगवान अहलावत ने किया, ये जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जिला प्रेस सचिव अमित कुमार जांगड़ा ने दी। जिला प्रधान ने टोनी ने बताया कि इंडियन पब्लिक सर्विस इम्पलाइज फेडरेशन के आह्वान पर छह मार्च को वर्कर्ज यूनियन पुरानी पेंशन योजना की बहाली, 8वें वेतन आयोग के गठन, सविधा, आउटसोर्सिंग, वर्कचार्ज दैनिक वेतन भोगी, ठेकेदारी प्रथा, कौशल रोजगार निगम, प्रोजेक्ट स्कीम तहत पर कार्यरत कर्मचारियों को उनके कार्य स्थलों पर नियमित करने व 21 सूत्रीय मांगपत्र आदि मांगों का ज्ञापन प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नाम प्रदेश के सभी उपायुक्तों के मार्फत भिजवाया जाएगा।

## 34 साल 8 माह 18 दिन की सेवा पश्चात सेवानिवृत्त हुए उप-निरीक्षक राजवीर सिंह



**बवानीखेड़ा।** पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर कार्यग्रहण करके उप.निरीक्षक के पद पर पहुंचे उप.निरीक्षक राजवीर सिंह बवानी खेड़ा थाना कार्यालय से सेवानिवृत हो गए। उनकी सेवानिवृति पर थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में समस्त स्टाफ द्वारा विदाई पार्टी आयोजित की गई जिसमें उप.निरीक्षक राजवीर सिंह को फूलमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया गया व उन्हें हुक्काए वर्दी आदि भेंट की गई। उप.निरीक्षक राजवीर सिंह ने बताया कि उन्होंने 14 जुलाई 1989 को अंबाला में सिपाही के पद पर कार्य ग्रहण किया और अंबाला पश्चात भिवानी, मुंढ़ाल, कैरू, बाढ़डा कार्य किया व 11 वर्ष तक सांसद धर्मबीर के गनमैन की सेवाएं दी। इसके अलावा उन्होंने लोहारू,बहल, जींद, हांसी में अपनी सेवाएं दी। उन्होंने बताया कि 34 वर्ष 8 माह 18 दिन की सेवा के बाद वे बवानी खेड़ा थाना से सेवानिवृत हो गए। उन्होंने अपनी पत्नी शकुंतला देवी व तीनों बच्चों का भी अपने जीवन में समय समय पर भरपूर सहयोग बताया।

## स्वयं सहायता समूहों को पीएम करेंगे संबोधित



**चरखी दादरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 6 मार्च को स्वयं सहायता समूह की सदस्यों को लाइव आकर संबोधित करेंगे। इस दिन ब्लॉक व जिला स्तर से लेकर राज्य स्तर तक कार्यक्त्रमों का अयोजन होगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल करनाल में लखपति दीदी सम्मेलन में शामिल होंगे। जिला परिषद की तरफ से आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर सीईओ प्रदीप कौशिक ने संबंधित अधिकारियों की बैठक ली।

# किसानों ने मांगों को लेकर सौंपा पत्र

- मुआवजा राशि 25 हजार रूपये किए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर जजपा ने सौंपा मांगपत्र
- ओलावृष्टि के बाद उपमुख्यमंत्री ने तुरंत प्रभाव से दिए गिरदावरी के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** मुआवजें की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए।

हालही में हुई ओलावृष्टि के कारण बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को जननायक जनता पार्टी ने उपायुक्त के माध्यम से मुख्यमंत्री मनोहर लाल व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के नाम मांगपत्र सौंपा।

इस मौके पर मांगपत्र के माध्यम से जजपा ने मुआवजा राशि 15 हजार से बढ़ाकर 25 हजार रूपये किए जाने, गिरदावरी स्टाफ द्वारा तहसील में बैठकर गिरदावरी करने की बजाए मौके पर जाकर गिरदावरी किए जाने, मेरी फसल.मेरा ब्यौरा और फसल गिरदावरी में मिस मैच होने की वजह से मुआवजा ना मिलने की समस्या का स्थायी समाधान किए जाने, करीबन 5 दर्जन गांवों में वर्ष 2021.21 का पैंडिंग बीमा क्लेम दिए जाने, बीमा कंपनियों की नुकसान की ऑनलाईन करने की अनिवार्यता खत्म किए जाने की मांग की गई। इस मौके पर जननायक जनता पार्टी के जिला प्रधान जोगेंद्र सिंह बागनवाला ने कहा कि ओलावृष्टि के कारणकिसानों को खासा नुकसान हुआ है। हालांकि उपमुख्यमंत्री ने तुरंत प्रभाव से गिरदावरी करवाने के निर्देश दे दिए थे। उन्होंने कहा कि मुआवजा राशि जल्द देने सहित अन्य मांगों को लेकर मांगपत्र सौंपने पहुंचे।

## सीएम करेंगे सात को कॉलेज का शिलान्यास

**लोहारू।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री जेपी दलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने राजकीय महाविद्यालय कुड़ल के भवन निमार्ण के लिए 30 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। मुख्यमंत्री सात मार्च को विडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए इस भवन का 7 मार्च को शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री इसके अलावा लोहारू क्षेत्र के चार करोड़ 40 लाख रूपये की लागत से निर्मित विभिन्न गांवों के अमृत सरोवर योजना के 6 तालाबों का उद्घाटन भी करेंगे। कृषि मंत्री जेपी दलाल ने बताया कि कुड़ल के राजकीय महाविद्यालय का 30 करोड़ रुपये की लागत से ऐसे भवन का निमार्ण करवाया जाएगाए जो सभी सुविधाओं से सुसज्जित होगा।

# ओलावृष्टि से बर्बाद फसल का जल्द दे मुआवजा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

- किसानों को प्रति एकड़ 40 हजार रूपये दिया जाए मुआवजा
- सरकार का रवैया किसान विरोधी



अनिल धनखड़

ओलावृष्टि से बर्बाद हुई किसानों की फसल की विशेष गिरदावरी करवाकर सरकार प्रति एकड़ 40 हजार रूपये मुआवजा प्रदान करें, ताकि नुकसान की भरपाई हो सके। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अनिल धनखड़ ने अपने जारी बयान में कही।

उन्होंने कहा कि तेज हवाओं के चलते फसल गिर गई है। इसके चलते दाना कमजोर रहने व उत्पादन कम होने की आशंका है। किसान वर्ग पहले ही मंहगाई की मार लगातार झेल रहा है और दूसरी मार कुदरत ने ओलावृष्टि करके किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया है, इसलिए प्रदेश सरकार को तुरंत प्रभाव से किसानों की बर्बाद फसल की जल्द से जल्द गिरदावरी करवाकर मुआवजा देना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों के पास खेती के अलावा आय का कोई दूसरा साधन नहीं है। किसान कठिन परिश्रम व हजारों रुपये प्रति एकड़ खर्च कर अपनी फसल पकाता है, लेकिन बरसात व ओलावृष्टि से किसानों की फसल बर्बाद हो जाती है जिससे किसान वर्ग काफी चिंतित हो जाता है।

उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार का रवैया किसान विरोधी है। किसानों को पिछले कई सीजन से सरकार किसानों को खराबे का कोई मुआवजा नहीं दे रही है। किसानों को प्रति एकड़ 40 हजार रूपये दिया जाए मुआवजा

## सौर पैनल लगवाने पर मिलेगी मुफ्त बिजली

**भिवानी।** आमजन को बिजली बिलों से राहत पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की शुरूआत की हैए जिसके तहत छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगाने पर हर माह 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए डाकघर में निःशुल्क पंजीकरण किए जा रहे हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 8 मार्च निर्धारित की गई है। भिवानी मंडल के डाकघर अधीक्षक संजय वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के छत पर सौर ऊर्जा पैनल लगवाने पर हर माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली दी जाएगी।

## प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक को वोट बनवाने का पूरा अधिकार



**चरखी दादरी।** जिला चुनाव कार्यालय की ओर से में मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान के तहत दातौली गांव के प्राइमरी स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वीप के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. जयेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम में पात्र युवाओं को वोट बनवाने की अपील की और मतदान की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में जिला के चुनाव आइकॉन खिलाड़ी नीरज और नेहा भी उपस्थित रही। उन्होंने कहा कि आज के समय में मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवश्यक हो गया है। आज के युवा देश में एक अहम हिस्सा है। प्रत्येक 18 वर्ष से अधिक आयु के नागरिक को वोट बनवाकर मतदान करने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि देश में सरकार चुनने में युवा वर्ग का महत्वपूर्ण स्थान है। आज का युवा शिक्षित है व उसे अपने भविष्य का अच्छा व बुरा सोचने का ज्ञान है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देशों पर नये वोट बनाए जा रहे हैं ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव में भाग लेने से पात्र व्यक्ति वंचित न रहे और शत प्रतिशत मतदाता अपने वोट डालने के अधिकार का प्रयोग कर सके।

# किसानों के समर्थन में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

गांव समसपुर के समीप किसान आंदोलन के समर्थन में खापों, किसानां व मजदूर संगठनों को धरना मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रहा।

आज के धरने की अध्यक्षता सर्वजातीय फौगाट खाप के प्रधान बलवंत नंबरदार श्योराण खाप के प्रधान बिजेंद्र बेरला, प्रभु राम गोदारा,सांगवान खाप के सचिव नरसिंह सांगवान, किसान संगठन से किसान नेता सुरेश ने संयुक्त रूप से की। आज के धरने पर सभी संगठनों ने ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों की हरियाणा सरकार से स्पेशल गिरदावरी कर किसानों को उनकी बर्बाद फसलों के उचित मुआवज की मांग की। फौगाट खाप के प्रवक्ता शमशेर सिंह ने कहा कि भाजपा की प्रदेश व केंद्र सरकार किसानों से डरी हुईं। शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे किसानों पर गोलियां बरसना, आंसू गैस के गोले दागना, रोड पर ठोंकी गई कीलें इस बात का सबूत हैं।

उन्होंने ने कहा कि किसानों को एमएसपी की गारंटी कानून व किसान मजदूर वर्ग का कर्ज माफी की मांगे जायज है। रणबीर फौजी ने कहा कि केंद्र सरकार ने कॉरपोरेट घरानों के आगे घुटने टेक दिए और किसानों से वादा खिलाफी जारी है। कृष्ण फौगाट ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों पर ज्यादती की सभी हदें पार कर दी। उन्होंने कहा कि इतिहास उठा कर देख लें कि किसानों की कभी हार नहीं हुई और उन्होंने अपनी मांगों को मनवाया है।



**दादरी।** किसान आंदोलन के समर्थन में धरना देते किसान व खाप पदाधिकारी।

## खेल नर्सरी के लिए 15 तक कर सकते हैं आवेदन

**चरखी दादरी।** प्रदेश सरकार नई खेल प्रतिभाओं को उभारने के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है। जिसके लिए सरकार की ओर से खेल नर्सरी योजना आरंभ की गई है। खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग की ओर से खेल नर्सरी योजना के तहत सरकारी, निजी शिक्षण संस्थानों, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मार्च है। उपायुक्त मनदीप कौर ने बताया कि सरकार की इस योजना का उद्देश्य राज्य में प्रारंभिक रूप से खेलों को बढ़ावा देने तथा ग्रास रुट लेवल पर खेल प्रतिभाओ को उभारना है। खेल नर्सरी योजना के तहत खेल नर्सरी ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ गेम्स में सम्मिलित खेलों के लिए ही खोली जा सकेंगी, जिसके लिए इच्छुक संस्थान खेल विभाग हरियाणा के पोर्टल पर 15 मार्च तक आवेदन कर सकते हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो वह निम्न टेलीफोन नम्बरों पर कार्यालय समय पर सूचित करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

## आदर्श महिला कॉलेज की छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**भिवानी।** अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव स्पंदन प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। प्रतियोगिता का आयोजन सेन्ट्रल विश्वविद्यालय हरियाणा, महेन्द्रगढ़ में हुआ। महाविद्यालय की 12 छात्राओं ने 12 प्रतियोगिताओं में अपनी प्रस्तूती दी। जिसमें छात्राओं ने 8 प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. अलका मित्तल ने छात्राओं व टीम इंचार्ज को बधाई दी। उन्होंने कहा कि केवल शिक्षा के माध्यम से ही हम अपना भविष्य उज्जवल नहीं कर सकते है। अपितु सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भी हम रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है।

### 30 करोड़ रुपए की लागत से कुड़ल में बनेगा कॉलेज

# मुख्यमंत्री ऑनलाइन देंगे परियोजनाओं की सौगात

- जिला में तैयार किए गए 20 अमृत सरोवर का करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मुख्यमंत्री मनोहर लाल सात मार्च को ऑनलाईन माध्यम से करोड़ों रूपये की लागत से 22 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इनमें मुख्य रूप से गांव कुड़ल में कॉलेज की आधारशिला शामिल है, जिस पर करीब 30 करोड़ रुपए की राशि खर्च होगी। मुख्यमंत्री जिला की 20 अमृत सरोवर परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिला को कुल 41 करोड़ 49 लाख 29 हजार रूपए की सौगात मिलेगी। एडीसी हर्षित कुमार ने ये जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल सात मार्च को सुबह 11 बजे विभिन्न परियोजनाओं की सौगात देंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ऑनलाईन माध्यम से गांव कुड़ल में राजकीय कॉलेज की आधारशिला रेखेंगे, जिस 30 करोड़ रूपए की लागत आएगी। इसी प्रकार से अमृत सरोवर योजना के तहत 20 गांवों में लगभग 1148.29 लाख रूपए की लागत से तैयार तालाबों का उद्घाट्न करेंगे। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवर योजना के तहत तैयार हुए गांव सुरपुरा कलां के जोगीवाला तालाब पर 184.08 लाख रूपए,गांव तोशाम के तालाब पर 158.73 लाख रूपए, गांव चहड़ कलां के तालाब पर 116.53 लाख रूपए, गांव खरक कलां के तालाब पर 92.60 लाख रूपए, गांव भैणी जाटान के तालाब पर 60.67 लाख रूपए, गांव बलियाली के तालाब पर 56.84 लाख रूपए, गांव बहल की ढ़ाणी के तालाब पर 51.97 लाख रूपए, गांव बामला दि्घतीय के तालाब पर 50.96 लाख रूपए, गांव खापड़वास के तालाब पर 45.26 लाख रूपए और गांव बामला दि्घतीय के तालाब पर 43.56 लाख रूपए खर्च हुआ है।

तोशाम के तालाब पर 37.80 लाख रूपए, गांव झांझड़ा श्योराण के तालाब पर 34.27 लाख रूपए,गांव पटौदी खुर्द.प्रेम गिरी के तालाब पर 33.49 लाख रूपए, गांव चहड़ कला के तालाब पर 32.15 लाख रूपए, गांव ढ़ाणी दरियापुर के तालाब पर 30.51 लाख रूपए, गांव ढ़ाणी दरियापुर का दूसरा तालाब पर 29.23 लाख रूपए, गांव देवसर के तालाब पर 28.62 लाख रूपए, गांव खानक के तालाब पर 24.10 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे।



**भिवानी।** आयोजित मीटिंग में दिशा .निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
| --- | --- | --- |
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008